# प्रधानमंत्री ने बिहार में विकास परियोजनाओं का अनावरण किया

## चर्चा में क्यों?

हाल ही में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने बिहार के औरंगाबाद ज़िले में 21,400 करोड़ रुपए की विकास परियोजनाओं का अनावरण किया।

## मुख्य बिंदु:

- **18,000 करोड़ रुपए से अधिक की राष्ट्रीय राजमार्ग परियोजनाओं** का उद्घाटन किया गया।
- **PM ने गंगा पर छह लेन वाले पुल की आधारशिला रखी** , जिसका निर्माण मौजूदा **जेपी (जयप्रकाश नारायण) गंगा सेतु** के समानांतर किया जाएगा। साथ ही, पटना में यूनिटी मॉल की आधारशिला रखी, जिसका निर्माण 200 करोड़ रुपए से अधिक की लागत से किया जाएगा और यह **'एक ज़िला, एक उत्पाद'** परियोजना को बढ़ावा देगा।
- उन्होंने तीन रेलवे परियोजनाएँ राष्ट्र को समर्पित कीं, जिनमें पाटलिपुत्र-पहलेजा लाइन का दोहरीकरण और बँधुआ एवं पैमार के बीच 26 किलोमीटर लंबी नई लाइन शामिल है।
- पीएम ने **नमामि गंगे योजना** के तहत 2,190 करोड़ से अधिक की 12 परियोजनाओं का भी उद्घाटन किया।
  - इनमें **पटना, सोनपुर, नौगछिया और छपरा** के सीवरेज ट्रीटमेंट प्लांट शामिल हैं।

## एक ज़िला एक उत्पाद पहल

- **ODOP देश के प्रत्येक ज़िले से एक उत्पाद को बढ़ावा देने और ब्रांडिंग करके ज़िला स्तर पर आर्थिक विकास को बढ़ावा देने की एक पहल है।**
- **इसका उद्देश्य प्रत्येक ज़िले की स्थानीय क्षमता, संसाधनों, कौशल और संस्कृति का लाभ उठाना** तथा घरेलू एवं अंतर्राष्ट्रीय बाज़ारों में उनकी एक विशिष्ट पहचान बनाना है।
- **ODOP की अवधारणा को सर्वप्रथम उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा जनवरी 2018 में विकसित की गई** थी।
  - यह योजना राज्य के पारंपरिक उद्योगों और शिल्प, जैसे-**चिकनकारी कढ़ाई, पीतल के बर्तन, मिट्टी के बर्तन, कालीन, चमड़े की वस्तुएँ** आदि को पुनर्जीवित करने में सफल रही।
  - इससे प्रेरित होकर **केंद्र सरकार ने इस अवधारणा को अपनाया और इसे एक राष्ट्रीय पहल के रूप में लॉन्च किया।**

## नमामि गंगे कार्यक्रम

- नमामि गंगे कार्यक्रम एक एकीकृत संरक्षण मिशन है, जिसे जून 2014 में **केंद्र सरकार द्वारा 'फ्लैगशिप कार्यक्रम' के रूप में अनुमोदित किया गया था,** ताकि प्रदूषण के प्रभावी उन्मूलन और राष्ट्रीय नदी गंगा के संरक्षण एवं कायाकल्प के दोहरे उद्देश्यों को पूरा किया जा सके।
- यह जल संसाधन मंत्रालय, नदी विकास और गंगा संरक्षण विभाग तथा **जल शक्ति मंत्रालय** **के तहत संचालित किया जा रहा है।**
- यह **कार्यक्रम राष्ट्रीय स्वच्छ गंगा मिशन (NMCG)** और इसके राज्य समकक्ष संगठनों यानी राज्य कार्यक्रम प्रबंधन समूहों (SPMGs) द्वारा कार्यान्वित किया जा रहा है।
- NMCG **राष्ट्रीय गंगा परिषद** का कार्यान्वयन विंग है (वर्ष 2016 में स्थापित किया गया था; जिसने राष्ट्रीय गंगा नदी बेसिन प्राधिकरण-NGRBA का स्थान लिया)।

PDF Refernece URL: https://www.drishtiias.com/hindi/printpdf/pm-unveils-development-projects-in-bihar